प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.06.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत लगभग 2 हजार 400 करोड़ रुपये को प्रोत्साहन राशि का किया वितरण : कहा– युवाओं और उद्योगों के बीच एक मजबूत सेतु है यह योजना।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में 378 करोड़ रुपये से अधिक की 126 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– एसआईटी की जांच से सामने आएगा मंदिर चढ़ावा मामले का सच।
3. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पूर्वांचल को दी तीन ट्रेनों की सौगात : कहा– आने वाले समय में दिल्ली से वाराणसी होते हुए सिलीगुड़ी तक चलेगी बुलेट ट्रेन। और
4. केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राममांझी आज आगरा में ब्रिक्स एमएसएमई फोरम और तीसरी एसएमई कार्य समूह की बैठक में हुए शामिल : वैश्विक एमएसएमई इको सिस्टम को मजबूत करने पर हुआ विचार–विमर्श।

————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एक विशेष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत लगभग 2 हजार 400 करोड़

रुपये की प्रोत्साहन राशि का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तर प्रदेश सहित देश भर से जुड़े लोगों को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि पूरा विश्व आज भारत की युवा शक्ति की चर्चा कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश है कि भारत का हर युवा अपनी क्षमता को अवसर में बदले। इसी सोच के साथ प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की शुरुआत हुई है। यह युवाओं और उद्योगों के बीच एक मजबूत सेतु बनाने वाली योजना है। बाइट.....

*दुनिया भारत के युवाओं की क्षमता को भली–भांति पहचानने लगी है और ऐसे समय में हमारी कोशिश है कि भारत का हर युवा अपनी क्षमता को अवसर में बदल सके और इसी सोच के साथ प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना का आरंभ हुआ। यह रोजगार योजना सामान्य तौर पर सोचे जाने वाली रोजगार योजना से बहुत आगे बढ़कर पहली नौकरी पाने वाली युवा के सपनों को शक्ति देने वाली योजना है। यह युवा और उद्योगों के बीच एक मजबूत सेतु बनाने वाली योजना है।*

इस आयोजन के अंतर्गत प्रदेश में लखनऊ, ग्रेटर नोएडा, वाराणसी, मेरठ सहित 17 जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में योजना के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं आगरा में केंद्रीय राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल शामिल हुए। इस योजना के तहत, पहली बार रोजगार पाने वाले कर्मचारियों को 15 हजार रुपये तक का प्रोत्साहन दिया जाता है।

————————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या में रुदौली विधानसभा क्षेत्र में राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय व चिकित्सालय समेत 378 करोड़ रुपये से अधिक की 126 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरासत और विकास के विजन को साकार करने की दिशा में डबल इंजन सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार की वजह से उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था में ब्रेक थ्रू साबित हुआ है। बाइट.....

*वह उत्तर प्रदेश अपनी शानदार यात्रा को लेकर के चल रहा है। अब देश के अंदर बीमारू राज्य नहीं, भारत की अर्थव्यवस्था का एक ब्रेक थ्रू बन कर के ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी भूमिका का निर्वाहन कर रहा है। अब यूपी के हमारे नौजवानों के सामने पहचान का संकट नहीं है। यह इसी पंचप्रण का परिणाम है और डबल इंजन सरकार का परिणाम है।*

मुख्यमंत्री ने श्रीराम मंदिर चढ़ावा मामले को लेकर कहा कि ट्रस्ट के अनुरोध पर सरकार ने एसआईटी जांच बैठाई है। एसआईटी की जांच से सारी सच्चाई सामने आ जाएगी। बाइट.....

*हम लोगों ने ट्रस्ट के अनुरोध पर एसआईटी जांच बिठाई है और मैं उन्हें इस बात के लिए कह सकता हूं कि एसआईटी जांच दूध का दूध और पानी का पानी करके रहेगी, उसमें कोई संदेह नहीं। लेकिन मैं सभी से इस बारे में अनुरोध करूंगा। सभी पक्षों से कहूंगा कि कोई भी ऐसी अनलगल टिप्पणी और बातें ना हो जो राम भक्तों की भावनाओं को आहत करती हो।*

मुख्यमंत्री ने नगर निगम अयोध्या में 290 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 245 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने गोंडा में देवीपाटन और बस्ती मंडल के लोक निर्माण विभाग की बैठक की। मुख्यमंत्री ने देवीपाटन मंडल के प्रमुख 13 मार्गों के विकास को मंजूरी दी। कुल 4 हजार 901 करोड़ 65 लाख रुपये की एक हजार से अधिक विकास परियोजनाओं के प्रस्तावों को स्वीकृति दी।

————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज बिहार के छपरा जंक्शन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूर्वांचल को सौगात देते हुए दोहरीघाट–औंड़िहार ट्रेन सेवा का वाराणसी सिटी तक विस्तार और मऊ– आनन्द विहार नियमित एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने मऊ के रास्ते संचालित होने वाली छपरा–आनंद विहार सुपरफास्ट ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि आने वाले समय में इस क्षेत्र को बुलेट ट्रेन की सौगात मिलेगी, जो दिल्ली से लखनऊ और वाराणसी होते हुए पटना और सिलिगुड़ी तक जाएगी। बाइट.....

*आने वाले समय में एक और नई चीज चालू होगी। बिहार में बुलेट ट्रेन आएगी। दिल्ली से लखनऊ, लखनऊ से वाराणसी, वाराणसी से पटना और पटना से सिलीगुड़ी यानी दिल्ली से पटना की यात्रा मात्र 4 घंटे और 41 मिनट की रह जाएगी।*

इस दौरान मऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में प्रदेश सरकार के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा शामिल हुए।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी  के नेतृत्व में विगत 12 वर्षों में इंडिया फर्स्ट की भावना राष्ट्रीय चरित्र बन गई है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इसी भावना ने वैश्विक मंच पर भारत के मान–सम्मान और सामर्थ्य को नई ऊंचाई दी। इसी क्रम में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों और समावेशी विकास की यात्रा को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पत्र सूचना कार्यालय, वाराणसी द्वारा आज वाराणसी में 'वार्तालाप' मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के स्टाम्प एवं

पंजीयन राज्य मंत्री रवीन्द्र जायसवाल और पत्र सूचना ब्यूरो के निदेशक दिलीप शुक्ला भी उपस्थित रहे।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज हम पूर्वोत्तर में बदलाव के लिए सरकार के महत्वपूर्ण कदमों के बारे में जानकारी दे रहे हैं।.....

*नए भारत में राष्ट्र निर्माण की बात हो और पूर्वोत्तर क्षेत्र को नजरअंदाज किया जाए, यह संभव नहीं है। एक समय था जब पूर्वोत्तर को हिंसा नाकाबंदी और उपेक्षा के लिए जाना जाता था। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने इस तस्वीर को बदल दिया है। पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री ने स्वयं 83 से अधिक बार पूर्वोत्तर राज्यों का दौरा किया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पूर्वोत्तर क्षेत्र में 47 हजार 270 करोड रुपए से अधिक खर्च किए गए हैं और 46 हजार 290 किलोमीटर से ज्यादा ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है। पिछले 12 वर्षों में आठ नए ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे विकसित किए गए हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र में चार हजार 170 किलोमीटर से अधिक रेलवे लाइनों का विद्युतीकरण किया गया है। अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नगालैंड, त्रिपुरा और मिजोरम में रेलवे का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। सुपर्णा सेकिया की रिपोर्ट के साथ अक्षित वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

————————

केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने आज आगरा में प्रथम ब्रिक्स एमएसएमइ फोरम और तीसरी एसएमइ कार्य समूह की बैठक आयोजित की। बैठक में केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी शामिल हुए

और उन्होंने सभा को संबोधित किया। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने इसे सफल बताया। इस बैठक में ब्राजील, चीन, मिस्र, रूस, वियतनाम और भारत सहित ब्रिक्स सदस्य और ब्रिक्स सहयोगी देशों के नीति निर्माता, उद्योगपति और अन्य हितधारक शामिल हुए। एक रिपोर्ट.....

*ब्रिक्स बैठक की थीम लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण रही । इस दौरान प्रतिनिधियों ने वैश्विक एमएसएमई इकोसिस्टम को मजबूत करने, स्थिरता को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाने पर विचार–विमर्श किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ एमएसएमई की उत्कृष्टता को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी के उद्‌घाटन के साथ हुआ। ब्रिक्स एसएमई फोरम से ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने और एमएसएमई के विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने के लिए एक सहयोगात्मक वातावरण विकसित करने की उम्मीद है। बैठक में प्रदेश के एमएसएमई मंत्री भूपेंद्र चौधरी भी उपस्थित रहे। सज्जन सागर, आकाशवाणी समाचार, आगरा।*

————————

मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों में प्रदेश के कई हिस्सों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों अगले तीन दिनों में लू चलने की चेतावनी जारी की है।

(समाप्त)